RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

12th GEOGRAPHY

ARJUN BATCH

मानव भूगोल

विश्व जनसंख्या

अध्याय-2 | भाग-5



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.1 निम्नांकित में से एशिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश कौन-सा है?



(अ) अफगानिस्तान

(ब) बांग्लादेश

(स) पाकिस्तान

(द) चीन

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN


missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर– (द) चीन

व्याख्या :

सारांश

- अध्याय में चीन को विश्व के सर्वाधिक आबादी वाले देशों में शामिल किया गया है।
- यह एशिया के अत्यधिक जनसंख्या वाले देशों में प्रमुख है।




RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.2 प्रवास का प्रतिकर्ष कारक है–

RBSE-2024

(अ) बेहतर अवसर
(ब) स्थायित्व
(स) अनुकूल जलवायु
(द) बेरोजगारी



प्रवास को प्रभावित करने वाले कारक –
अपकर्षी
प्रतिकर्षी
विचारित
अ उ इ ए

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर– (द) बेरोजगारी


व्याख्या :

- बेरोजगारी उद्गम स्थान को कम आकर्षक बनाती है।
- यह व्यक्ति को अपना स्थान छोड़ने के लिए प्रेरित करती है।
- इसलिए बेरोजगारी प्रवास का प्रतिकर्ष कारक है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.3 समय के दो अंतरालों के बीच किसी क्षेत्र विशेष में होने वाले जनसंख्या परिवर्तन को क्या कहते हैं?



(अ) जनसंख्या प्रवास

(ब) जनसंख्या घनत्व

(स) जनसंख्या वृद्धि

(द) जनसंख्या वितरण


RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर– (स) जनसंख्या वृद्धि

व्याख्या :

- किसी क्षेत्र की जनसंख्या में दो समय-अंतरालों के बीच होने वाला परिवर्तन जनसंख्या वृद्धि कहलाता है।
- यह परिवर्तन धनात्मक या ऋणात्मक हो सकता है।
- इसे निरपेक्ष संख्या अथवा प्रतिशत में व्यक्त किया जा सकता है।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.4 जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले आर्थिक कारकों का सही युग्म है–

(A)
- **अ** खनिज–नगरीकरण
- **ब** भू-आकृति–औद्योगीकरण
- **स** जलवायु–भू-आकृति
- **द** मृदाएँ–नगरीकरण



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर– (अ) खनिज–नगरीकरण

व्याख्या :

- खनिज निक्षेप उद्योगों को आकर्षित करते हैं।
- खनन एवं औद्योगिक गतिविधियाँ रोजगार उत्पन्न करती हैं।
- रोजगार के कारण इन क्षेत्रों में जनसंख्या सघन हो जाती है।
- नगरीकरण बेहतर रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा और परिवहन सुविधाएँ प्रदान करता है।
- इन्हीं कारणों से लोग नगरों की ओर प्रवास करते हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.5 प्रवास का अपकर्ष कारक है–

RBSE-2022

(अ) राजनीतिक हलचल

(ब) प्राकृतिक आपदाएँ

(स) महामारियाँ

(द) काम के बेहतर अवसर

प्रतिकर्ष कारक

प्रतिकर्ष

अपकर्ष कारक

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर— (द) काम के बेहतर अवसर

व्याख्या :

- अपकर्ष कारक गंतव्य स्थान को अधिक आकर्षक बनाते हैं।
- रोजगार के बेहतर अवसर लोगों को नए स्थान की ओर खींचते हैं।
- अच्छी रहन-सहन दशाएँ भी प्रवास को प्रोत्साहित करती हैं।
- शांति, सुरक्षा और अनुकूल जलवायु अन्य प्रमुख अपकर्ष कारक हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

Q.6 जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की ..... अवस्था में उच्च प्रजननशीलता तथा उच्च मृत्यु दर होती है।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर– प्रथम अवस्था

प्रथम अवस्था की विशेषताएँ–

- उच्च प्रजननशीलता।
- उच्च मृत्यु दर।
- जनसंख्या वृद्धि धीमी।
- अधिकांश लोग कृषि में कार्यरत।
- जीवन-प्रत्याशा निम्न।
- अशिक्षा तथा निम्न प्रौद्योगिकी स्तर।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.7 जब लोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं, तो वह स्थान जहाँ से लोग गमन करते हैं, ... कहलाता है।

RBSE-2024



छोड़
गाँव
||
उद्गम स्थान


बस
शहर
।
गंतव्य

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर– उद्गम स्थान

- प्रवासी जिस स्थान को छोड़कर जाते हैं, वह उद्गम स्थान कहलाता है।
- उद्गम स्थान पर जनसंख्या में कमी होती है।
- जिस स्थान पर वे पहुँचते हैं, वह गंतव्य स्थान कहलाता है।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

Q.8 जनसंख्या प्रवास क्या है?

RBSE-2024




RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर–

- लोगों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना जनसंख्या प्रवास कहलाता है।
- यह स्थायी, अस्थायी अथवा मौसमी हो सकता है।
- प्रवास गाँव से गाँव, गाँव से नगर, नगर से नगर अथवा नगर से गाँव की ओर हो सकता है।



Q.9 जनसंख्या घनत्व को परिभाषित कीजिए। **RBSE-2023**

प्रति $1 km^2$ में निवास करने वाली जनसंख्या के घनत्व को जनघनत्व कहते हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर–

- किसी क्षेत्र की जनसंख्या और उसके क्षेत्रफल के बीच का अनुपात जनसंख्या घनत्व कहलाता है।
- इसे सामान्यतः प्रति वर्ग किलोमीटर व्यक्तियों की संख्या में व्यक्त किया जाता है।

सूत्र–


जनसंख्या घनत्व = कुल जनसंख्या ÷ कुल क्षेत्रफल

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

Q.10 स्थिर जनसंख्या से आप क्या समझते हैं?

RBSE-2022



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर–

- जिस जनसंख्या में वृद्धि लगभग रुक जाती है, उसे स्थिर जनसंख्या कहा जाता है।
- इसमें प्रजननशीलता और मृत्यु-दर दोनों निम्न होती हैं।
- जन्म तथा मृत्यु में अधिक अंतर नहीं रहता।
- जनसंख्या स्थिर रहती है अथवा बहुत धीमी गति से बढ़ती है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

Q.11 जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले दो भौतिक कारकों के नाम लिखिए। RBSE-2025



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर–

1. जल की उपलब्धता

- जल पीने, कृषि, उद्योग और नौसंचालन के लिए आवश्यक है।
- इसलिए नदी घाटियाँ सघन जनसंख्या वाले क्षेत्र हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर–

2. भू-आकृति

- समतल मैदान कृषि, परिवहन और उद्योगों के लिए अनुकूल होते हैं।
- पर्वतीय क्षेत्रों में परिवहन कठिन होने के कारण जनसंख्या विरल होती है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

Q.12 प्रवास के पीछे लोगों के क्या-क्या उद्देश्य होते हैं?

RBSE-2024



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर–

लोग बेहतर आर्थिक तथा सामाजिक जीवन के लिए प्रवास करते हैं। इसके प्रमुख उद्देश्य हैं–

- रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करना।
- रहन-सहन की अच्छी दशाएँ प्राप्त करना।
- शांति एवं स्थायित्व प्राप्त करना।
- जीवन और संपत्ति की सुरक्षा।
- अनुकूल जलवायु वाले क्षेत्र में निवास करना।
- बेरोजगारी, प्राकृतिक विपदाओं तथा राजनीतिक उपद्रव से बचना।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

Q.13 प्रवास की धाराएँ बताइए।

RBSE-2023



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर–


प्रवास की प्रमुख धाराएँ

- गाँव से गाँव
- गाँव से नगर
- नगर से नगर
- नगर से गाँव



विशेष तथ्य–

- प्रवास स्थायी, अस्थायी अथवा मौसमी हो सकता है।
- इससे उद्गम स्थान की जनसंख्या घटती तथा गंतव्य स्थान की जनसंख्या बढ़ती है।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

Q.14 जनसंख्या परिवर्तन के घटक कौन-कौन से हैं? समझाइए।

RBSE-2022



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER


उत्तर–

जनसंख्या परिवर्तन के तीन घटक हैं:

1. **जन्म**

❖ जीवित जन्मों से जनसंख्या बढ़ती है।

❖ जन्म-दर को प्रति हजार जनसंख्या पर व्यक्त किया जाता है।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

2. मृत्यु

- मृत्यु से जनसंख्या घटती है।
- मृत्यु-दर किसी वर्ष में प्रति हजार जनसंख्या पर मृतकों की संख्या है।

3. प्रवास

- लोगों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना प्रवास कहलाता है।
- उद्गम स्थान की जनसंख्या घटती है।
- गंतव्य स्थान की जनसंख्या बढ़ती है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

Q.15 जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले तीन आर्थिक कारकों की व्याख्या कीजिए।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर–

जनसंख्या परिवर्तन के तीन घटक हैं:

1. **खनिज**

- खनिज निक्षेप उद्योगों को आकर्षित करते हैं।
- खनन तथा औद्योगिक गतिविधियाँ रोजगार उत्पन्न करती हैं।
- इससे खनिज क्षेत्रों में जनसंख्या सघन हो जाती है।

2. नगरीकरण

- नगर रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करते हैं।
- यहाँ शिक्षा, चिकित्सा, परिवहन और संचार की सुविधाएँ उपलब्ध होती हैं।
- इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों से नगरों की ओर प्रवास होता है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. औद्योगीकरण

- औद्योगिक क्षेत्र बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देते हैं।
- कारखाना श्रमिकों के साथ दुकानदार, बैंककर्मी, डॉक्टर और अध्यापक भी आकर्षित होते हैं।
- फलतः औद्योगिक पेटियाँ सघन आबादी वाली बन जाती हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.16 'जनसंख्या वितरण' से क्या अभिप्राय है?

(अ) लोगों की जन्म दर

(ब) भूपृष्ठ पर लोगों के फैलाव का स्वरूप

(स) लोगों की औसत आय

(द) ग्रामीण और नगरीय जनसंख्या का अनुपात

(B)

भूपृष्ठ पर लोगों के फैलाव का स्वरूप

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER


व्याख्या :

- जनसंख्या वितरण बताता है कि भूपृष्ठ पर लोग किस प्रकार वितरित हैं।
- इससे किसी क्षेत्र की जनांकिकीय विशेषताओं को समझने में सहायता मिलती है।
- यह जनसंख्या घनत्व से अलग संकल्पना है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.17 विश्व की लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या कितने प्रतिशत स्थलभाग पर निवास करती है?



(अ) 5 प्रतिशत

(ब) 10 प्रतिशत

(स) 20 प्रतिशत

(द) 50 प्रतिशत

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

व्याख्या :

- विश्व की जनसंख्या का वितरण अत्यधिक असमान है।
- लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या विश्व के केवल 10 प्रतिशत स्थलभाग में रहती है।
- इससे कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक संकेंद्रण तथा अन्य क्षेत्रों में विरल बसाव दिखाई देता है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

Q.18 विश्व के दस सर्वाधिक आबाद देशों में विश्व की लगभग कितनी जनसंख्या रहती है?



अ 30 प्रतिशत

ब 40 प्रतिशत

स 60 प्रतिशत

द 80 प्रतिशत

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

व्याख्या :

- दस सर्वाधिक आबाद देशों में विश्व की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या रहती है।
- इन दस देशों में से छह देश एशिया में स्थित हैं।
- यह एशिया में जनसंख्या के अत्यधिक संकेंद्रण को दर्शाता है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.19 जनसंख्या घनत्व किस अनुपात को व्यक्त करता है?

अ जन्म और मृत्यु का अनुपात

ब जनसंख्या और भूमि के आकार का अनुपात

स ग्रामीण और नगरीय जनसंख्या का अनुपात

द पुरुष और महिला जनसंख्या का अनुपात

B

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

व्याख्या :

- जनसंख्या घनत्व लोगों की संख्या और भूमि के क्षेत्रफल के बीच संबंध है।
- इसे सामान्यतः प्रति वर्ग किलोमीटर व्यक्तियों की संख्या के रूप में मापा जाता है।
- सूत्र: जनसंख्या घनत्व = कुल जनसंख्या ÷ कुल क्षेत्रफल।

कुल जनसंख्या / कुल क्षेत्रफल

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.20 किसी प्रदेश की जनसंख्या 1,50,000 और क्षेत्रफल 100 वर्ग किलोमीटर है। उसका जनसंख्या घनत्व कितना होगा?

(अ) 150 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

(ब) 1,000 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

(स) 1,500 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

(द) 15,000 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

$\frac{150,000}{100}$

$\frac{150,000}{100}$

$\frac{\text{कुल जनसंख्या}}{\text{कुल क्षेत्रफल}}$

(स)

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

व्याख्या :


- घनत्व = जनसंख्या ÷ क्षेत्रफल।
- 1,50,000 ÷ 100 = 1,500।
- अतः घनत्व 1,500 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर होगा।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.21 नदी-घाटियाँ सामान्यतः सघन जनसंख्या वाली क्यों होती हैं?



अ वहाँ खनिजों का अभाव होता है

ब वहाँ जल आसानी से उपलब्ध होता है

स वहाँ परिवहन संभव नहीं होता

द वहाँ कृषि नहीं की जाती

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

व्याख्या :

- जल मानव जीवन का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कारक है।
- इसका उपयोग घरेलू कार्यों, पशुपालन, कृषि, उद्योग और नौसंचालन में होता है।
- इसलिए लोग जल की सहज उपलब्धता वाले नदी-घाटी क्षेत्रों में बसना पसंद करते हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.22 समतल मैदानों में जनसंख्या अधिक होने का प्रमुख कारण क्या है?

(अ) वहाँ कृषि, सड़क निर्माण और उद्योग सुविधाजनक होते हैं

(ब) वहाँ जल का पूर्ण अभाव होता है

(स) वहाँ परिवहन का विकास कठिन होता है

(द) वहाँ केवल पशुपालन किया जाता है

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

व्याख्या :

- समतल मैदान और मंद ढाल कृषि उत्पादन के लिए अनुकूल होते हैं।
- वहाँ सड़क, परिवहन और उद्योगों का विकास अपेक्षाकृत आसान होता है।
- गंगा का मैदान सघन जबकि हिमालयी पर्वतीय क्षेत्र विरल जनसंख्या वाला है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सी जलवायु मानव बसाव के लिए असुविधाजनक मानी गई है?

(अ) सुखद भूमध्यसागरीय जलवायु

(ब) सामान्य समशीतोष्ण जलवायु

(स) अति उष्ण अथवा अति ठंडी मरुस्थलीय जलवायु

(द) पर्याप्त वर्षा वाली जलवायु

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

व्याख्या :

- अत्यधिक गर्म या अत्यधिक ठंडे मरुस्थलों की जलवायु विषम होती है।
- ऐसी परिस्थितियाँ स्थायी मानव बसाव को कठिन बनाती हैं।
- सुखद जलवायु वाले प्रदेश लंबे समय से बसे हुए हैं।

Q.24 उपजाऊ दोमट मृदा वाले क्षेत्रों में अधिक जनसंख्या का प्रमुख कारण क्या है?

(अ) वहाँ केवल खनन होता है

(ब) वे गहन कृषि का आधार बन सकते हैं

(स) वहाँ जलवायु सदैव ठंडी होती है

(द) वहाँ नगरीकरण नहीं होता

जलोढ़ / दोमट / कछार

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

व्याख्या :

- उपजाऊ मृदा कृषि तथा कृषि से संबंधित गतिविधियों के लिए महत्त्वपूर्ण है।
- दोमट मिट्टी गहन कृषि के लिए अनुकूल होती है।
- कृषि की अधिक संभावनाएँ अधिक जनसंख्या का पोषण करती हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.25 खनिज निक्षेपों वाले क्षेत्र जनसंख्या को क्यों आकर्षित करते हैं?

अ वे कृषि को समाप्त कर देते हैं

ब वहाँ उद्योग और रोजगार विकसित होते हैं

स वहाँ परिवहन उपलब्ध नहीं होता

द वहाँ राजनीतिक अशांति बढ़ती है

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

व्याख्या :

- खनिज निक्षेप उद्योगों को आकर्षित करते हैं।
- खनन और औद्योगिक गतिविधियाँ रोजगार उत्पन्न करती हैं।
- रोजगार के कारण कुशल और अर्ध-कुशल श्रमिक इन क्षेत्रों में आते हैं।
- कटंगा-जांबिया ताँबा पेटी इसका उदाहरण है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.26 नगरीकरण जनसंख्या वितरण को किस प्रकार प्रभावित करता है?

अ नगरों से गाँवों की ओर प्रवास बढ़ाता है।

ब नगरों में रोजगार और सुविधाओं के कारण जनसंख्या आकर्षित करता है।

B

स नगरों की जनसंख्या को कम करता है।

द सभी औद्योगिक गतिविधियों को समाप्त करता है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

व्याख्या :

- नगर रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, परिवहन और संचार की बेहतर सुविधाएँ प्रदान करते हैं।
- नगरीय जीवन का आकर्षण ग्रामीण लोगों को नगरों की ओर खींचता है।
- परिणामस्वरूप ग्रामीण-नगरीय प्रवास और नगरों का आकार बढ़ता है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.27 औद्योगिक पेटियों में केवल कारखाना श्रमिक ही नहीं, बल्कि अन्य सेवाओं से जुड़े लोग भी क्यों बसते हैं?

(A)

अ उद्योग अनेक प्रकार की आर्थिक सेवाओं की माँग उत्पन्न करते हैं।

ब वहाँ कृषि पूर्णतः निःशुल्क होती है।

स वहाँ जनसंख्या वृद्धि पर रोक होती है।

द उद्योगों में रोजगार उपलब्ध नहीं होता ।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

व्याख्या :

- उद्योग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार के रोज़गार उत्पन्न करते हैं।
- परिवहन परिचालक, दुकानदार, बैंककर्मी, डॉक्टर और अध्यापक भी आकर्षित होते हैं।
- कोबे-ओसाका क्षेत्र उद्योगों के कारण सघन बसा हुआ है।

जापान

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.28 सामाजिक एवं सांस्कृतिक कारकों के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

(अ) धार्मिक महत्त्व वाले स्थान लोगों को आकर्षित नहीं करते

(ब) राजनीतिक अशांति वाले क्षेत्रों में जनसंख्या सदैव बढ़ती है

(स) धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व वाले स्थान लोगों को आकर्षित कर सकते हैं

(द) सरकारें जनसंख्या वितरण को प्रभावित नहीं करती

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

व्याख्या :

- धार्मिक और सांस्कृतिक महत्त्व वाले स्थान अधिक लोगों को आकर्षित कर सकते हैं।
- सामाजिक तथा राजनीतिक अशांति लोगों को क्षेत्र छोड़ने के लिए प्रेरित कर सकती है।
- सरकारें भी लोगों को विरल क्षेत्रों में बसने के लिए प्रोत्साहन दे सकती हैं।

Q.29 जनसंख्या वृद्धि अथवा जनसंख्या परिवर्तन का अर्थ है–

अ केवल जन्मों की संख्या

ब निश्चित अवधि में जनसंख्या की संख्या में परिवर्तन

स केवल ग्रामीण जनसंख्या में वृद्धि

द केवल आप्रवास के कारण बढ़ी जनसंख्या

B

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

व्याख्या :

- किसी निश्चित अवधि में किसी क्षेत्र की जनसंख्या में होने वाला परिवर्तन जनसंख्या वृद्धि कहलाता है।
- परिवर्तन धनात्मक या ऋणात्मक हो सकता है।
- इसे निरपेक्ष संख्या अथवा प्रतिशत में व्यक्त किया जा सकता है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

Q.30 जनसंख्या वृद्धि और जनसंख्या वृद्धि दर में मुख्य अंतर क्या है?

(अ) दोनों पूर्णतः समान हैं

(ब) वृद्धि वास्तविक परिवर्तन है, जबकि वृद्धि दर प्रतिशत में व्यक्त होती है

(स) वृद्धि दर केवल मृत्यु को मापती है

(द) वृद्धि केवल प्रतिशत में व्यक्त होती है

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

व्याख्या :

- जनसंख्या वृद्धि दो समय-अंतरालों के बीच जनसंख्या का वास्तविक परिवर्तन है।
- जनसंख्या वृद्धि दर इसी परिवर्तन को प्रतिशत में व्यक्त करती है।
- वृद्धि निरपेक्ष संख्या और वृद्धि दर सापेक्ष परिवर्तन बताती है।

